Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide drinking water in Latur Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरे (लातूर): महाराष्ट्र का मराठवाड़ा क्षेत्र विगत एक दशक से सूखे की मार झेल रहा है । इस क्षेत्र में पड़ने वाले लातूर शहर तथा उसके 21 सीमावर्ती गांवों में तो हालात सबसे ज्यादा खराब है । लातूर शहर में 10 दिन में एक दिन पानी की आपूर्ति की जाती है । हालांकि महाराष्ट्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में टेंकरों से पेयजल की सप्लाई का प्रयास कर रही है, परन्तु फिर भी वह जनता की पेयजल की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है । स्कूल जाने वाले बच्चे स्कूल न जाकर पूरे दिन दूर-दराज के क्षेत्रों से घर की जरूरत के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए मजबूर हैं । प्राइवेट टेंकर से पानी मांगना बहुत ही महंगा होता है जो आम आदमी और गरीबों की पहुंच के बाहर है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत लातूर के ग्रामीण क्षेत्रों में उज्जनी बांध से पाईप द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु एक योजना शीघ्रातिशीघ्र बनाकर कार्यान्वित करें ताकि यहां की आम जनता को पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल सके ।